चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| | 23-4-24 | 02 | 3-5 |

The Tribune

# Tree plantation drive at HAU

TRIBUNE NEWS SERVICE

HISAR, APRIL 22

A tree plantation programme was organised on the occasion of World Earth Day at Chaudhary Charan Singh Haryana Agricultural University (HAU), today.

Vice-Chancellor Professor BR Kamboj who was the chief guest at the programme said World Earth Day is celebrated every year on April 22. This year's theme was 'Planet vs Plastic'. The main objective of which was to create awareness about the damage caused to nature by plastic pollution. According to an estimate, 90 per cent of plastic was not recycled which is harmful to the environment, he said.



HAU staff mark the day by planting trees on Monday. TRIBUNE PHOTO

Due to indiscriminate exploitation of natural resources, imbalance in the environment is increasing, resulting in deterioration of environment, he said adding, that it was our collective duty to keep the earth free of pollution. On this occasion, 200 Jacaranda saplings were planted in the university campus.


# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 23-4-24 | 03 | 6-8 |

**कार्यक्रम** • एचएयू में विश्व पृथ्वी दिवस पर पौधारोपण किया गया

## पृथ्वी को प्रदूषण रहित रखना हम सभी का कर्तव्य : प्रो. काम्बोज

भास्कर न्यूज | हिसार



चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में भू-दृश्य संरचना इकाई की ओर से संपदा कार्यालय के सामने विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में पौधरोपण कार्यक्रम किया गया। एचएयू के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यक्रम में पौधरोपण करके विश्व पृथ्वी दिवस पर सभी को पौधरोपण करने के लिए प्रेरित किया।

कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा कि पहली बार 22 अप्रैल 1970 को विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया था। इस वर्ष पृथ्वी दिवस का थीम 'प्लेनेट बनाम प्लास्टिक' है। इसका मुख्य उद्देश्य प्लास्टिक प्रदूषण से प्रकृति को होने वाले नुकसान के बारे में सचेत करना है। एक अनुमान के मुताबिक 90 प्रतिशत प्लास्टिक रिसाइकिल नहीं हो पाता है जो पर्यावरण के लिए घातक है। प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन के कारण पर्यावरण में असंतुलन बढ़ रहा है जिसकी वजह से स्थिति दयनीय होती जा रही है।

उन्होंने कहा कि पृथ्वी को प्रदूषण रहित रखना हम सभी का कर्तव्य है। ऐसे में हमें पृथ्वी के प्रति अपने कर्तव्यों को समझना पड़ेगा और इसे बेहतर बनाने में योगदान देना होगा। एचएयू के भू-दृश्य संरचना इकाई के अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार ने बताया कि पौधरोपण कार्यक्रम के तहत जकरंदा के 200 पौधे रोपित किए गए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक ट्रिब्यून | 23-4-24 | 10 | 5-8 |

### हकृवि में विश्व पृथ्वी दिवस पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित

# धरती को प्रदूषण रहित रखना सभी का कर्तव्य : कुलपति

हिसार, 22 अप्रैल (हप्र)

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में भू-दृश्य संरचना इकाई द्वारा संपदा कार्यालय के सामने विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यक्रम में पौधारोपण करके सभी को पौधारोपण के लिए प्रेरित किया।

कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा कि पहली बार 22 अप्रैल 1970 को विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया था। इस वर्ष पृथ्वी दिवस का थीम 'प्लेनेट बनाम प्लास्टिक है, जिसका मुख्य उद्देश्य प्लास्टिक प्रदूषण से प्रकृति को होने वाले नुकसान के बारे में सचेत करना है। एक अनुमान के मुताबिक 90 प्रतिशत प्लास्टिक रिसाइकिल नहीं हो पाता जो पर्यावरण के लिए घातक है। प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन के कारण पर्यावरण में असंतुलन बढ़ रहा है जिसकी वजह से स्थिति दयनीय होती जा रही है।



हिसार में सोमवार को विश्व पृथ्वी दिवस पर पौधारोपण करते कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज। -हप्र

उन्होंने कहा कि पृथ्वी को प्रदूषण रहित रखना सभी का कर्तव्य है। ऐसे में हमें पृथ्वी के प्रति अपने कर्तव्यों को समझना पड़ेगा और इसे बेहतर बनाने में योगदान देना होगा।

प्रो. काम्बोज ने कहा कि दिन-प्रतिदिन बढ़ते जा रहे पर्यावरण प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए पौधारोपण करना बहुत जरूरी है।

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के भू- दृश्य संरचना इकाई के अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार ने बताया कि पौधारोपण कार्यक्रम के तहत जकरंदा के 200 पौधे रोपित किए गए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे और पौधारोपण भी किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| हरि-भूमि | 23-4-24 | 12 | 2-5 |

# प्राकृतिक संसाधनों के दोहन से पर्यावरण असंतुलित

- हकृवि में विश्व पृथ्वी दिवस पर पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा है कि प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन के कारण पर्यावरण में असंतुलन बढ़ रहा है जिसकी वजह से स्थिति दयनीय होती जा रही है। पृथ्वी को प्रदूषण रहित रखना हम सभी का कर्तव्य है। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज सोमवार को विश्वविद्यालय में भू-दृश्य संरचना इकाई की ओर से संपदा कार्यालय के सामने विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम के अवसर पर संबोधन दे रहे थे। उन्होंने



हिसार। विश्व पृथ्वी दिवस पर पौधरोपण करते कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज।

कार्यक्रम में पौधरोपण करके विश्व पृथ्वी दिवस पर सभी को पौधरोपण करने के लिए प्रेरित किया और कहा कि हर वर्ष 22 अप्रैल को विश्व पृथ्वी दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष पृथ्वी दिवस का थीम प्लेनेट बनाम प्लास्टिक है जिसका मुख्य उद्देश्य प्लास्टिक प्रदूषण से प्रकृति को होने वाले नुकसान के बारे में सचेत करना है। एक अनुमान के मुताबिक 90 प्रतिशत प्लास्टिक रिसाइकिल नहीं हो पाता है जो पर्यावरण के लिए घातक है। ऐसे में हमें पृथ्वी के प्रति अपने कर्तव्यों को समझना पड़ेगा और इसे बेहतर बनाने में योगदान देना होगा। लगातार वृक्षों की कटाई, प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन, रासायनिक खाद व कीटनाशकों का अत्याधिक प्रयोग व प्लास्टिक के प्रयोग से हमारी धरती का स्वरूप एवं पर्यावरण दूषित होता जा रहा है।

## विवि परिसर में जकरंदा के 200 पौधे किए रोपित

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के भू-दृश्य संरचना इकाई के अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार ने बताया कि पौधारोपण कार्यक्रम के तहत जकरंदा के 200 पौधे रोपित किए गए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 23-4-24 | 05 | 5-8 |

# पृथ्वी को प्रदूषण रहित रखना हम सभी का कर्त्तव्य : प्रो. काम्बोज

हिसार, 22 अप्रैल (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में भू- दृश्य संरचना इकाई द्वारा संपदा कार्यालय के सामने विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यक्रम में पौधारोपण करके विश्व पृथ्वी दिवस पर सभी को पौधारोपण करने के लिए प्रेरित किया। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि प्रत्येक वर्ष 22 अप्रैल को विश्व पृथ्वी दिवस मनाया जाता है, पहली बार 22 अप्रैल 1970 को विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया था। इस वर्ष पृथ्वी दिवस का थीम 'प्लेनेट बनाम प्लास्टिक' है। जिसका मुख्य उद्देश्य प्लास्टिक प्रदूषण से प्रकृति को होने वाले नुकसान के बारे में सचेत करना है।

एक अनुमान के मुताबिक 90 प्रतिशत प्लास्टिक रिसाइकिल नहीं हो पाता है जो पर्यावरण के लिए घातक है। प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन के कारण पर्यावरण में असंतुलन बढ़ रहा है जिसकी वजह से स्थिति दयनीय होती जा रही है। उन्होंने कहा कि पृथ्वी को प्रदुषण रहित रखना हम सभी का कर्तव्य है। ऐसे में हमें पृथ्वी के प्रति अपने कर्तव्यों को समझना पड़ेगा और इसे बेहतर बनाने में योगदान देना होगा। उन्होंने कहा कि लगातार वृक्षों की कटाई, प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन, रासायनिक खाद व कीटनाशकों का अत्याधिक प्रयोग व प्लास्टिक के प्रयोग से हमारी धरती का स्वरूप एवं पर्यावरण दूषित होता जा रहा है।



कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज विश्व पृथ्वी दिवस पर पौधारोपण करते हुए।

## हकृवि में विश्व पृथ्वी दिवस पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित

ऐसे में इसे बचाए रखने के लिए समाज को अहम कदम उठाते हुए सामूहिक प्रयासों की जरूरत है। प्रो. काम्बोज ने कहा कि दिन-प्रतिदिन बढ़ते जा रहे पर्यावरण प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए पौधारोपण करना बहुत जरूरी है। पृथ्वी को स्वस्थ व पहले की तरह बनाने के लिए हम सभी का कर्तव्य है कि अपनी धरती को हरा-भरा और बेहतर बनाने का संकल्प लेना पड़ेगा ताकि संसार के सभी पेड़-पौधों पशु-पक्षियों एवं जंतुओं की जैव विविधता का संरक्षण किया जा सके। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के भू- दृश्य संरचना इकाई के अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार ने बताया कि पौधारोपण कार्यक्रम के तहत जकरंदा के 200 पौधे रोपित किए गए।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे और पौधारोपण भी किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सच कहूं | 23-4-24 | 09 | 4-7 |

### हकृवि में विश्व पृथ्वी दिवस पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित

## 'पृथ्वी को प्रदूषण रहित रखना सभी का कर्तव्य'

हिसार (सच कहूँ न्यूज)। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में भू- दृश्य संरचना इकाई द्वारा संपदा कार्यालय के सामने विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। कुलपति काम्बोज ने कहा कि प्रत्येक वर्ष 22 अप्रैल को विश्व पृथ्वी दिवस मनाया जाता है, पहली बार 22 अप्रैल 1970 को विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया था। इस वर्ष पृथ्वी दिवस का थीम 'प्लेनेट बनाम प्लास्टिक' है। जिसका मुख्य उद्देश्य प्लास्टिक प्रदूषण से प्रकृति को होने वाले नुकसान के बारे में सचेत करना है। एक अनुमान के मुताबिक 90 प्रतिशत प्लास्टिक रिसाइकिल नहीं हो पाता है जो पर्यावरण के लिए घातक है। ऐसे में हमें पृथ्वी के प्रति अपने कर्तव्यों को समझना पड़ेगा और इसे बेहतर बनाने में योगदान देना होगा। उन्होंने कहा कि लगातार वृक्षों की कटाई, प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन, रासायनिक खाद व कीटनाशकों का अत्याधिक प्रयोग व प्लास्टिक के प्रयोग से हमारी धरती का स्वरूप एवं पर्यावरण दूषित होता जा रहा है। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के भू- दृश्य संरचना इकाई के अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार ने बताया कि पौधारोपण कार्यक्रम के तहत जकरंदा के 200 पौधे रोपित किए गए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी महाविद्यालयों के अधिष्ठाता,निदेशक, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे और पौधारोपण भी किया।



हिसार। कुलपति विश्व पृथ्वी दिवस पर पौधारोपण करते हुए।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| चिराग टाइम्स न्यूज | 22.04.2024 | -- | -- |

## हकृवि में विश्व पृथ्वी दिवस पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित

# पृथ्वी को प्रदुषण रहित रखना हम सभी का कर्तव्य : प्रो. बी.आर. काम्बोज



**चिराग टाइम्स न्यूज** हिसार चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में भू- दृश्य संरचना इकाई द्वारा संपदा कार्यालय के सामने विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यक्रम में पौधारोपण करके विश्व पृथ्वी दिवस पर सभी को पौधारोपण करने के लिए प्रेरित किया।

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि प्रत्येक वर्ष 22 अप्रैल को विश्व पृथ्वी दिवस मनाया जाता है, पहली बार 22 अप्रैल 1970 को विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया था। इस वर्ष पृथ्वी दिवस का थीम 'प्लेनेट बनाम प्लास्टिक' है। जिसका मुख्य उद्देश्य प्लास्टिक प्रदूषण से प्रकृति को होने वाले नुकसान के बारे में सचेत करना है। एक अनुमान के मुताबिक 90 प्रतिशत प्लास्टिक रिसाइकिल नहीं हो पाता है जो पर्यावरण के लिए घातक है। प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन के कारण पर्यावरण में असंतुलन बढ़ रहा है जिसकी वजह से स्थिति दयनीय होती जा रही है। उन्होंने कहा कि पृथ्वी को प्रदुषण रहित रखना हम सभी का कर्तव्य है। ऐसे में हमें पृथ्वी के प्रति अपने कर्तव्यों को समझना पड़ेगा और इसे बेहतर बनाने में योगदान देना होगा। उन्होंने कहा कि लगातार वृक्षों की कटाई, प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन, रासायनिक खाद व कीटनाशकों का अत्याधिक प्रयोग व प्लास्टिक के प्रयोग से हमारी धरती का स्वरूप एवं पर्यावरण दूषित होता जा रहा है। ऐसे में इसे बचाए रखने के लिए समाज को अहम कदम उठाते हुए सामूहिक प्रयासों की जरूरत है। प्रो. काम्बोज ने कहा कि दिन- प्रतिदिन बढ़ते जा रहे पर्यावरण प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए पौधारोपण करना बहुत जरूरी है। पृथ्वी को स्वस्थ व पहले की तरह बनाने के लिए हम सभी का कर्तव्य है कि अपनी धरती को हरा-भरा और बेहतर बनाने का संकल्प लेना पड़ेगा ताकि संसार के सभी पेड़-पौधों पशु-पक्षियों एवं जंतुओं की जैव विविधता का संरक्षण किया जा सके।

**विश्व पृथ्वी दिवस पर विश्वविद्यालय परिसर में जकरंदा के 200 पौधे किए रोपित**

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के भू- दृश्य संरचना इकाई के अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार ने बताया कि पौधारोपण कार्यक्रम के तहत जकरंदा के 200 पौधे रोपित किए गए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे और पौधारोपण भी किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| सिटी पल्स | 22.04.2024 | -- | -- |

## पृथ्वी को प्रदूषण रहित रखना हम सभी का कर्तव्य : प्रो. काम्बोज


कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज विश्व पृथ्वी दिवस पर पौधारोपण करते हुए

**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में भू- दृश्य संरचना इकाई द्वारा संपदा कार्यालय के सामने विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यक्रम में पौधारोपण करके विश्व पृथ्वी दिवस पर सभी को पौधारोपण करने के लिए प्रेरित किया।

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि प्रत्येक वर्ष 22 अप्रैल को विश्व पृथ्वी दिवस मनाया जाता है, पहली बार 22 अप्रैल 1970 को विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया था। इस वर्ष पृथ्वी दिवस का थीम 'प्लेनेट बनाम प्लास्टिक' है। जिसका मुख्य उद्देश्य प्लास्टिक प्रदूषण से प्रकृति को होने वाले नुकसान के बारे में सचेत करना है। एक अनुमान के मुताबिक 90 प्रतिशत प्लास्टिक रिसाइकिल नहीं हो पाता है जो पर्यावरण के लिए घातक है। उन्होंने कहा कि लगातार वृक्षों की कटाई, प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन, रासायनिक खाद व कीटनाशकों का अत्याधिक प्रयोग व प्लास्टिक के प्रयोग से हमारी धरती का स्वरूप एवं पर्यावरण दूषित होता जा रहा है। ऐसे में इसे बचाए रखने के लिए समाज को अहम कदम उठाते हुए सामूहिक प्रयासों की जरूरत है।

प्रो. काम्बोज ने कहा कि दिन-प्रतिदिन बढ़ते जा रहे पर्यावरण प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए पौधारोपण करना बहुत जरूरी है। पृथ्वी को स्वस्थ व पहले की तरह बनाने के लिए हम सभी का कर्तव्य है कि अपनी धरती को हरा-भरा और बेहतर बनाने का संकल्प लेना पड़ेगा ताकि संसार के सभी पेड़-पौधों पशु-पक्षियों एवं जंतुओं की जैव विविधता का संरक्षण किया जा सके।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 23-4-24 | 05 | 6-8 |

## हकृवि में मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण कल से

हिसार, 22 अप्रैल (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान द्वारा 24 अप्रैल से मधुमक्खी पालन विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। उक्त संस्थान के सह निदेशक (प्रशिक्षण) डॉ. अशोक कुमार गोदारा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रशिक्षण में बेरोजगार युवक एवं किसान भाग ले सकते हैं। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को मधुमक्खी पालन व्यवसाय से जुड़ी सभी जानकारियां विस्तार से दी जाएंगी।

प्रशिक्षण के संयोजक एवं सहायक निदेशक (कीट विज्ञान) डॉ. भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण में हिस्सा लेने के इच्छुक व्यक्ति 24 अप्रैल को प्रात: 9 बजे उपरोक्त संस्थान में अपना पंजीकरण करवा कर प्रशिक्षण में भाग ले सकते है। प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए आधार कार्ड तथा एक पासपोर्ट साइज फोटो अवश्य लेकर आए।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सच कहूं | 23-4-24 | 09 | 08 |

# हकृवि में मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण 24 से

हिसार (सच कहूं न्यूज)। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान द्वारा 24 अप्रैल से मधुमक्खी पालन विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। संस्थान के सह निदेशक डॉ. अशोक गोदारा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रशिक्षण में बेरोजगार युवक एवं किसान भाग ले सकते हैं। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को मधुमक्खी पालन व्यवसाय से जुड़ी सभी जानकारियां दी जाएगी। प्रशिक्षण के संयोजक एवं सहायक निदेशक (कीट विज्ञान) डॉ. भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण में हिस्सा लेने के इच्छुक व्यक्ति अपना पंजीकरण करवा कर प्रशिक्षण में भाग ले सकते हैं।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 23-4-24 | 04 | 01 |

## मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण 24 अप्रैल से

**हिसार** | एचएयू के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान की तरफ से 24 अप्रैल से मधुमक्खी पालन विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण किया जाएगा। उक्त संस्थान के सह निदेशक प्रशिक्षण डॉ. अशोक कुमार गोदारा ने बताया कि इस प्रशिक्षण में बेरोजगार युवक एवं किसान हिस्सा ले सकते हैं। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को मधुमक्खी पालन व्यवसाय से जुड़ी सभी जानकारियां दी जाएंगी। प्रशिक्षण के संयोजक एवं सहायक निदेशक कीट विज्ञान डॉ. भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण में हिस्सा लेने के इच्छुक व्यक्ति 24 अप्रैल को प्रातः 9 बजे उपरोक्त संस्थान में अपना पंजीकरण करवा कर प्रशिक्षण में हिस्सा ले सकते हैं।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 23-4-24 | 04 | 7-8 |

## एचएयू में मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण 24 से

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान की तरफ से 24 अप्रैल से मधुमक्खी पालन विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। उक्त संस्थान के सह निदेशक (प्रशिक्षण) डॉ. अशोक कुमार गोदारा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रशिक्षण में बेरोजगार युवक एवं किसान भाग ले सकते हैं। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को मधुमक्खी पालन व्यवसाय से जुड़ी सभी जानकारियां विस्तार से दी जाएंगी। प्रशिक्षण के संयोजक एवं सहायक निदेशक (कीट विज्ञान) डॉ. भूपेंद्र सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण में हिस्सा लेने के इच्छुक व्यक्ति 24 अप्रैल को प्रातः 9 बजे उपरोक्त संस्थान में अपना पंजीकरण करवा कर प्रशिक्षण में भाग ले सकते है। प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए आधार कार्ड और एक पासपोर्ट साइज फोटो अवश्य लेकर आए। ब्यूरो

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि-भूमि | 23-4-24 | 11 | 01 |

## हकृवि में मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण कल से

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान द्वारा 24 अप्रैल से मधुमक्खी पालन विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। संस्थान के सह निदेशक (प्रशिक्षण) डॉ. अशोक कुमार गोदारा ने बताया कि इस प्रशिक्षण में बेरोजगार युवक एवं किसान भाग ले सकते हैं। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को मधुमक्खी पालन व्यवसाय से जुड़ी सभी जानकारियां विस्तार से दी जाएंगी।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| चिराग टाइम्स न्यूज | 22.04.2024 | -- | -- |

# तीन दिवसीय मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण का आयोजन

**चिराग टाइम्स न्यूज**

हिसार = चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान द्वारा 24 अप्रैल से मधुमक्खी पालन विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया जायेगा । उक्त संस्थान के सह निदेशक (प्रशिक्षण) डॉ. अशोक कुमार गोदारा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रशिक्षण में बेरोजगार युवक एवं किसान भाग ले सकते हैं। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को मधुमक्खी पालन व्यवसाय से जुड़ी सभी



जानकारियां विस्तार से दी जाएंगी। प्रशिक्षण के संयोजक एवं सहायक निदेशक (कीट विज्ञान) डॉ. भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण में हिस्सा लेने के इच्छुक व्यक्ति 24 अप्रैल को प्रातः 9 बजे उपरोक्त संस्थान में अपना पंजीकरण करवा कर प्रशिक्षण में भाग ले सकते हैं। प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए आधार कार्ड तथा एक पासपोर्ट साइज फोटो अवश्य लेकर आए।

| | |
|---|---|
| | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय |

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स | 22.04.2024 | -- | -- |

# हकृवि में मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण 24 अप्रैल से होगा शुरू

**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान द्वारा 24 अप्रैल से मधुमक्खी पालन विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया जायेगा । उक्त संस्थान के सह निदेशक (प्रशिक्षण) डॉ. अशोक कुमार गोदारा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रशिक्षण में बेरोजगार युवक एवं किसान भाग ले सकते हैं। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को मधुमक्खी पालन व्यवसाय से जुड़ी सभी जानकारियां विस्तार से दी जाएंगी। प्रशिक्षण के संयोजक एवं सहायक निदेशक (कीट विज्ञान) डॉ. भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण में हिस्सा लेने के इच्छुक व्यक्ति 24 अप्रैल को प्रातः 9 बजे उपरोक्त संस्थान में अपना पंजीकरण करवा कर प्रशिक्षण में भाग ले सकते हैं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| समस्त हरियाणा न्यूज | 22.04.2024 | -- | -- |

# हकृवि में मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण 24 अप्रैल से शुरू

**हिसार, 22 अप्रैल ( समस्त हरियाणा न्यूज )।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान द्वारा 24 अप्रैल से मधुमक्खी पालन विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया जायेगा। उक्त संस्थान के सह निदेशक (प्रशिक्षण) डॉ. अशोक कुमार गोदारा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रशिक्षण में बेरोजगार युवक एवं किसान भाग ले सकते हैं। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को मधुमक्खी पालन व्यवसाय से जुड़ी सभी जानकारियां विस्तार से दी जाएंगी। प्रशिक्षण के संयोजक एवं सहायक निदेशक (कीट विज्ञान) डॉ. भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण में हिस्सा लेने के इच्छुक व्यक्ति 24 अप्रैल को प्रात: 9 बजे उपरोक्त संस्थान में अपना पंजीकरण करवा कर प्रशिक्षण में भाग ले सकते है। प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए आधार कार्ड तथा एक पासपोर्ट साइज़ फोटो अवश्य लेकर आए।